ar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSIC/80015/19-2020/

दिनांकः–....../08/2021

बिहार राज्यपुल निर्माण निगम लि०
6851 31 AUG 2021
7, सरदार पटेल मार्ग, पटना-15

प्रेषक,

इन्द्रजीत कुमार,
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

सेवामें,

मेसर्स अरूण कुमार
ग्राम+पो0+थाना–बंदेया
जिला–औरंगाबाद
पिनः–824129

विषयः– समस्तीपुर जिलान्तर्गत सरायरंजन अंचल अन्तर्गत मौजा रामनगर नरघोघी में बी0एस0सी0, जी0एन0एम0 एवं पारा मेडिकल प्रशिक्षण संस्थान–सह–छात्रावास के भवन निर्माण कार्य के एकरारनामा को बन्द करते हुये कालीकृत करने के संबंध में।

प्रसंगः–

1. इस कार्यालय का पत्रांकः–BMSIC/80015/19-2020/2607 दिनांकः–15.07.2021
2. आपका पत्रांकः–शून्य दिनांकः–19.07.2021

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित परियोजना का कार्यादेश दिनांकः–28.05.2021 को निर्गत किया गया है।

2. विदित है कि विषयांकित परियोजना के कार्य आवंटन के विरूद्ध परिवाद प्राप्त हुआ, जिसमें परिवादकर्त्ता के द्वारा यह बताया गया कि आपके निबंधन संख्या BCD प्रथम (व्यक्तिगत)–29 (भवन)–2014 को भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांकः–भवन–13/अभि0प्र0 (नि0)–03–निलंबित/कालीकृत–05/2019 685 (भ), पटना, दिनांकः–26.07.2019 से कालीकृत किया गया है एवं आपके द्वारा तथ्य को छुपाकर BMSICL में निविदा प्राप्त किया है।

3. प्राप्त परिवाद के आलोक में आपसे इस कार्यालय के पत्रांकः–2607 दिनांकः–15.07.2021 के द्वारा समस्तीपुर जिलान्तर्गत सरायरंजन अंचल मौजा–रामनगर नरघोघी में बी0एस0सी0, जी0एन0एम0 एवं पारा मेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों सह छात्रावास का भवन निर्माण कार्य के संबंध में स्पष्टीकरण पुछा गया। उक्त स्पष्टीकरण के आलोक में आप अपने पत्रांकः–शून्य दिनांकः–19.07.2021 को स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

4. आपने अपने स्पष्टीकरण में यह स्पष्ट किया गया है कि भवन निर्माण विभाग द्वारा दिनांकः–26.07.2019 से श्री अरूण कुमार के नाम से निबंधन संख्या–BCD प्रथम (व्यक्तिगत)–29 (भवन)–2014 को पाँच वर्षों के लिए कालीकृत किया गया है परन्तु मेसर्स अरूण कुमार को दिनांकः–25.07.2019 को BMSICL द्वारा निबंधित किया गया है।



th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
ospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
hone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

(189)

5. आपके द्वारा निगम द्वारा पूछे गये स्पष्टीकरण में श्री अरूण कुमार, पिता श्री सियाराम सिंह ग्राम+पो0+थाना–बंदेया जिला औरंगाबाद, तथा अरूण कुमार, शर्मा भवन, रोड़ न0–08, राजीव नगर पटना एक ही व्यक्ति है इस सदर्भ में आपके द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव नही दिया गया है।

6. आपसे प्राप्त स्पष्टीकरण, भवन निर्माण विभाग में निबंधन एवं इस निगम में किए गए निबंधन के साथ संलग्न दस्तावेजों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि श्री अरूण कुमार ग्राम+पो0+थाना–बन्देया, जिला औरंगाबाद एवं श्री अरूण कुमार पिता श्री सियाराम सिंह, शर्मा भवन, रोड नं0–08, राजीव नगर, पटना दोनों एक ही व्यक्ति हैं तथा आपके द्वारा भवन निर्माण विभाग में कालीकृत (Blacklisting) होने के पश्चात् भी इस निगम की निविदा में भाग लिया गया एवं निविदा दस्तावेज के साथ यह शपथ–पत्र दिया गया कि किसी भी विभाग में Blacklisting नहीं है।

7. आपसे प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा एवं प्राप्त विधिक मंतव्य के आलोक में इस निगम में आपके निबंधन संख्या BMSICL/I-56/2019-20 को पत्र निर्गत की तिथि से 03 वर्षों के लिए बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका–11(क) (vii) के आलोक में कालीकृत किया जाता है, साथ में एकरारनामा की कंडिका 14 vi के आलोक में आपके **Risk & Cost** पर एकरारनामा संख्याः–B.Sc.GNM & PM.Samastipur/01/2021-22 date 14.04.2021 को विखंडित किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/19-2020/
दिनांकः–......../08/2021
प्रतिलिपिः–इस निगम के सभी प्रबंधक/उप महाप्रबंधक (परि0)/महाप्रबंधक(परि0)/महाप्रबंधक(परि0 एवं निरू0)/परामर्शी राँची डिजाईन प्रा0 लि0, राँची, झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80015/19-2020/
दिनांकः–......../08/2021
प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को बी0एम0एस0आई0सी0एल0 के बेवसाइट पर संवेदक के कालीकृत लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80015/19-2020/
प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन, समस्तीपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
दिनांकः–......../08/2021

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

188

ज्ञापांक:–BMSIC/80065/28-2017/4038

दिनांक:–27 / 08 / 2021

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना / प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

26/08/2021

मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)

**ज्ञापांक** 3035 **पटना, दिनांक** 06/09 **/ 2021**

प्रतिलिपि:– उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल 1 एवं 2 / सभी वरीय परियोजना अभियंता / वरीय गुण नियंत्रण अभियंता / वेबसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/9/2021

**सचिव (योजना एवं प्रशासन)**

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

07.09.21